पत्रकार से लूट और मारपीट, तीन पर मामला हुआ दर्ज

लूट एवं मारपीट मामले में पुलिस ने तीन आरोपी बनाए

रात भर नहीं सुनी शिकायत

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

रविवार की रात्रि महेन्द्र सागर तालाब के पास पत्रकार के साथ लूट एवं मारपीट की वारदात सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने तीन नामदर्ज आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक शहर के पत्रकार लोकेन्द्र सिंह के छोटे भाई कि किसी से कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर लोकेन्द्र को आरोपियों ने फोन कर महेन्द्र सागर तालाब बुलाया और फिर उनसे बातों ही बातों में मारपीट शुरू कर डाली। इतना ही नहीं उनकी आंख के बगल में धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया गया। इतना ही नहीं आरोपियों ने उनके कान से सोने की बाली भी छीन ली। घटना की शिकायत लेकर लोकेन्द्र देर रात 12 बजे कोतवाली पहुंची जहां उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज करानी चाही, लेकिन पुलिस ने उन्हें गुमराह करने की कोशिश की।

फिर इसके बाद शहर के अन्य पत्रकार भी लोकेन्द्र के साथ हुई घटना के विरोध में थाने पहुंच गए। जहां लोकेन्द्र सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज करने की बात कही, लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा लोकेन्द्र के बताए अनुसार शिकायत दर्ज नहीं की जा रही थी। पुलिस सामान्य धाराओं में अपराध कायम करना चाहती थी। इस बात से पत्रकार नाराज हुए। यह पूरा माजरा कोतवाली में 4 घंटे तक चलता रहा। कोतवाली प्रभारी रविभूषण भी थाने नहीं पहुंचे बल्कि फोन सिर्फ लोकेन्द्र और अन्य पत्रकारों से चर्चा कर अपने अनुसार एफआईआर दर्ज कराने की बात कहते रहे। जबकि पत्रकारों का साफ कहना था कि इस मामले में जो वारदात हुई है उसके अनुसार ही अपराध कायम किया जाए। पत्रकारों ने पूरी घटना को समझ लिया था कि लोकेन्द्र के साथ किस तरह आरोपियों बर्बतापूर्ण अपराध को अंजाम दिया। मामला यहीं नहीं रुका लोकेन्द्र व उनके अन्य पत्रकार साथी वहां से बगैर एफआईआर दर्ज कराए वापिस अस्पताल लौट आए। जहां से लोकेन्द्र ने सुबह करीब 4 बजे के लगभग एसपी से फोन पर बात कर पूरे घटनाक्रम को बताया। फिर सोमवार को शहर भर के पत्रकार सर्किट हाउस में एकत्रित हुए और यहां से एसपी दफ्तर पहुंचे जहां उन्होंने यह बात एसपी सुधीर अग्रवाल को बताई। एसपी सुधीर अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को समझा और तत्काल मौके पर ही एसडीओपी राहुल कटरे को विधिसंगत अपराध कायम करने के निर्देश दिए। तब कहीं जाकर लोकेन्द्र की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हो सका। यहां सवाल यही है कि जब एक पत्रकार घटों न्याय के लिए घूमता रहा तो आम लोगों का क्या होगा।

इन आरोपियों पर इन धाराओं में मामला दर्ज

पत्रकार लोकेन्द्र सिंह की शिकायत पर आरोपी शिवम जड़िया, ऋषि जड़िया एवं साहिल हरदशानी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया। यह मामला एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश के बाद दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ धारा 286(बी), 115(2), 309(4), 351(3) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

सावन माह के पहले सोमवार को उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

टीकमगढ़ सहित बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवधाम कुंडेश्वर में श्रावण मास के पहले सोमवार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होने के बाद सुबह 5 बजे गर्भगृह आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। मंदिर परिसर दिनभर बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। ट्रस्ट के सुरक्षाकर्मियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है, जबकि सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार पहले सावन सोमवार पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार की तरह इस बार भी भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम 4 बजे गर्भगृह श्रद्धालुओं के लिए बंद कर श्रृंगार किया जाएगा, जिसके बाद शाम 7 बजे महाआरती होगी। मंदिर ट्रस्ट ने श्रावण मास से प्रसाद वितरण की नई व्यवस्था लागू की है। भगवान को अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं को 30, 60 और 90 रुपये के पैकेट में देसी घी के बेसन के लड्डू उपलब्ध कराए जाएंगे। दोपहर 12 बजे से मंदिर की रसोई में 40 रुपये के कूपन पर भोजन प्रसादी भी शुरू होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर ने बताया कि यह नई प्रसाद व्यवस्था श्रावण मास के बाद भी जारी रहेगी।टीकमगढ़ सहित बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवधाम कुंडेश्वर में श्रावण मास के पहले सोमवार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होने के बाद सुबह 5 बजे गर्भगृह आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। मंदिर परिसर दिनभर बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, स्वतंत्रता दिवस, मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक, 2 भू अर्जन राष्ट्रीय राजमार्ग एवं केन बेतवा लिंक परियोजना, वन अधिकार पट्टे, राजस्व प्रकरण,फार्मर रजिस्ट्री,ई-विकास पोर्टल से खाद वितरण, कृषि विभाग अंतर्गत कृषि वर्ष 2026, छिर धारा ग्राम योजना, की बैठक में गए निर्देश दिए। बैठक में कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण,आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम जतारा नीरज खरे, एसडीएम बल्देवगढ़ निशांत भूरिया उपस्थित रहे।

हेल्थ कैम्प का केन्द्रों पर आयोजन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी अनुरागी एवं सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ओरल हैल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत सोरयाना मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर ओरल हैल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प में डॉ वरदत्त जैन दंत चिकित्सक द्वारा 49 बच्चों का परीक्षण किया गया।साथ ही परीक्षण उपरांत बच्चों को दवाइयां एवं टूथ पेस्ट प्रदान किये गये। इस अवसर पर राहुल नायक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध लकड़ी से भरे वाहन को खनिज विभाग की टीम ने किया जब्त

नवभारत न्यूज, जतारा।

जिले के वन विभाग जतारा की जहां नवागत रेंजर मुकेश अहिरवार और उनकी जतारा टीम ने लगातार दूसरे दिन दूसरा वाहन ट्रैक्टर अवैध लकड़ी परिवहन में जप्त किया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ कर्मचारियों के सहयोग से हरकनपुरा गांव से कुछ उत्तरप्रदेश के लकड़ी माफिया अवैध रूप से चिरोल प्रजाति के वृक्षों को काटकर मऊरानीपुर उत्तरप्रदेश में एकत्रित कर बाहर ले जाने की रैकेट चला रहे हैं उक्त सूचना पर तत्काल नवागत रेंजर जतारा मुकेश अहिरवार ने टीम का गठन करते हुए और स्वयं मोर्चा संभालते हुए एक सिल्वर कलर के आइशर ट्रैक्टर मॉडल नंबर 333 पंजीयन क्रमांक यूपी 93 बीसी 1523 की घेराबंदी करके हरकनपुरा तिगैला पर रोककर पूछताछ की तो बिना कटाई और बगैर टीपी के परिवहन करने पर और मौके से कोई अनुज्ञा परिवहन और अनुमति नहीं पाई जाने पर वन विभाग द्वारा मौके से जपती की कार्यवाही करके वाहन मालिक और वाहन चालक के विरुद्ध भारतीय बन अधिनियम 1927 की धारा 41 एवं मध्यप्रदेश वनोपज विनियमन नियम 2022 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 279/09 दिनांक 02/08/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रक्षेत्रों पर बीज की व्यवस्था

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मत्स्यपालन के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मेघा गुप्ता द्वार जानकारी दी गई है कि जिले के मत्स्यपालन से संबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियां, मछुआ,व्यक्तिगत के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है। तालाबों में संचयन हेतु मत्स्यबीज प्राप्त करने के लिये कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला से संपर्क करें।

आवश्यकता के अनुरूप विकास का अवसर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, सुबिधा उपलब्ध है।

उमस से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

लगातार बारिश नहीं होने से क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। आसमान में बादलों की आवाजाही तो हो रही है, लेकिन बारिश नहीं होने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। दिनभर तेज धूप और उमस के कारण आमजन का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

गर्मी और उमस का असर बाजारों, दफ्तरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ दिखाई दे रहा है। किसान भी बारिश नहीं होने से चिंतित हैं।

खरीफ फसलों की करें समय पर निगरानी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। विज्ञानियों ने जिले के किसानों को आगामी 3-4 दिनों के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए खरीफ फसलों की नियमित देखभाल एवं कीट-रोग प्रबंधन के लिए आवश्यक सलाह दी है।

आगामी 3-4 दिनों के दौरान जिले में खंड वर्षा होने तथा आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 3 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। मौसम की स्थिति को देखते हुए सोयाबीन, मूंग, उड़द, तिल एवं मूंगफली सहित खरीफफसलों में समय पर निराई-गुड़ाई कर खरपतवार नियंत्रण करें तथा फसलों में कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी रखें। उड़द की फसल में बुआई के 15 से 25 दिन बाद, खेत में पर्याप्त नमी होने पर खरपतवार नियंत्रण के लिए इमाजेथापायर 10 एसएल अथवा क्विजालोफॉप एथिल ईसी दवा का मात्रा में छिड़काव करे।

चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दो घायल

नवभारत न्यूज, पलेरा।

पलेरा-जतारा मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गोवा और बरानाई गांव के बीच तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा पहुंचाया गया।

यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन दोनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।घायलों की पहचान सादिक खान और आमिद खान के रूप में हुई है। होश में आने के बाद उन्होंने बताया कि वे अपने गांव से किसी कार्य से पलेरा आ रहे थे।

बीमारियों की रोकथाम की पहल

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मानसून सत्र के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड द्वारा विशेष क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत हैडपंपों एवं कुओं सहित पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीनेशन किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान दूषित जल से होने वाली बीमारियों जैसे हैजा, डायरिया आदि की रोकथाम की जा सके। बल्देवगढ के ग्राम भानपुरा एंव धनेरा में पहुंची।

दतिया उपचुनाव की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

नवभारत न्यूज, टीकमगढ।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत पर टीकमगढ़ सहित जिले भर के अलावा नगर पलेरा में जश्न का माहौल दिखाई दिया। मुख्यालय पर सदर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला के मार्गदर्शन में कार्यकताओं ने जश्न मनाकर कांग्रेस जिंदावाद के नारे लगाए।

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की 6,029 मतों के प्रचंड बहुमत से ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई। जीत की घोषणा होते ही टीकमगढ़ नगर में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया, एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।

माहौल पूरी तरह जश्नमय दिखाई दिया। दरअसल दतिया विधासभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी जिसके चलते कांग्रेस को दतिया में सफलता मिली है।

लापता महिला की जांच में जुटी पलेरा पुलिस

नवभारत न्यूज,

पलेरा। थाना पलेरा क्षेत्र से एक 37 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बछपुरा निवासी माया अहिरवार, पत्नी स्वर्गीय रामप्रसाद अहिरवार, 13 जून को दोपहर करीब 1.30 बजे घर से निकली थीं, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका।

परिजनों के अनुसार महिला की लंबाई लगभग 5 फीट 2 इंच, रंग गोरा, चेहरा गोल, शरीर दुबला-पतला तथा बाल काले हैं। घटना के समय उन्होंने हरे रंग की साड़ी पहन रखी थी। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने आमजन से सहयोग की अपील की है।यदि किसी व्यक्ति को माया अहिरवार के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल थाना पलेरा या पोस्टर पर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की अपील की गई है। थाना पलेरा क्षेत्र से एक 37 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बछपुरा निवासी माया अहिरवार, पत्नी स्वर्गीय रामप्रसाद अहिरवार, 13 जून को दोपहर करीब 1.30 बजे घर से निकली थीं।

लोग हो रहे बीमार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

आरोप ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

नंदनवारा गांव के शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा रहता ताला

नवभारत न्यूज,

मोहनगढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच मोहनगढ़ क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सवालों के घेरे में है। नंदनवारा गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर दोपहर के बाद अक्सर ताला लटक जाता है, जिसके चलते इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ता है।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव और आसपास के क्षेत्रों से लोग सामान्य बीमारी, सर्दी जुकाम,बुखार, मलेरिया,चोट एवं गर्भवती महिलाए उपचार के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं। लेकिन समय पर स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुलने या दोपहर बाद ताला लगा मिलने से उन्हें स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई बार मरीजों को मजबूरी में निजी क्लीनिक या दूर स्थित स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि उप स्वास्थ्य केंद्र निर्धारित समय तक नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है तो इसकी निगरानी कौन कर रहा है, यह बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराकर उप स्वास्थ्य केंद्र को निर्धारित समय पर नियमित रूप से संचालित कराने की मांग की है। पूरे मामले को लेकर सीएमएचओ ओपी अनुरागी से बात की गई तो उनका कहना है कि पता करते हैं यदि दोपहर से उप स्वास्थ्य केंद्र को बंद किया जाता तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच मोहनगढ़ क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सवालों के घेरे में है। नंदनवारा गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

जांच कर की जाएगी कार्यवाही

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराकर उप स्वास्थ्य केंद्र को निर्धारित समय पर नियमित रूप से संचालित कराने की मांग की है। पूरे मामले को लेकर सीएमएचओ ओपी अनुरागी से बात की गई तो उनका कहना है कि पता करते हैं यदि दोपहर से उप स्वास्थ्य केंद्र को बंद किया जाता तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी। नंदनवारा गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजस्व एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रखें तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के सफ ल क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को किसी भी स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित नहीं की जाएंगी। यह दिवस पूर्णत: क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण तथा आमजन की समस्याओं के मौके पर निराकरण करे।